आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
बुधवार 09.07.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश के सभी जिलों के लिए रेडक्रॉस समिति के आपदा राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा का दूसरा जत्था पिथौरागढ़ पहुंचा। 14 महिलाओं सहित 48 यात्री हैं शामिल।
- प्रदेश के पर्वतीय जिलों में भूस्खलन और मलबा आने से बाधित मार्गों को युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास जारी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जिलाधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण का पीठासीन अधिकारी बनाते हुए, उन्हें संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लागू 'माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम– 2007 को प्रभावी ढंग से अमल में लाने के समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस कानून को अमल में लाने के लिए राज्य में जिला स्तर पर कुल 13 अपीलीय भरण–पोषण अधिकरण और सब डिवीजन स्तर पर 69 से अधिक भरण–पोषण अधिकरण कार्यरत हैं। जहां भरण–पोषण की राशि अधिकतम दस हजार रुपए प्रति माह निर्धारित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि अगर वे जीवन–यापन के लिए उपेक्षित महसूस करते हैं, तो अपने नजदीकी भरण–पोषण अधिकरण या जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क करें।

राज्यपाल/राहत सामग्री

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन परिसर से प्रदेश के सभी जिलों के लिए भारतीय रेडक्रॉस समिति, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराई गई आपदा राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आपदा राहत सामग्री के पांच वाहनों में कम्बल, तिरपाल, किचेन सेट और अन्य जरूरी सामान है, जो जरूरतमंदों को जरूरत के समय संबंधित जिलों की रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह मानवीय सहायता का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो आपदा के समय राहत पहुंचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस एक ऐसी संस्था है, जो निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता करती है।
राज्यपाल ने सभी रेडक्रॉस वॉलेंटियरों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रेडक्रॉस से जुड़ने का आह्वान भी किया।

राज्यपाल/पुलिस महानिदेशक

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मुलाकात की। इस दौरान श्री सेठ ने राज्यपाल को आगामी कांवड़ मेले के लिए सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन में पुलिस की सक्रिय भूमिका और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से कार्यदक्षता में वृद्धि सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को और अधिक सशक्त व उत्तरदायी बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने निर्देशित किया कि राज्य में आयोजित होने वाले प्रमुख धार्मिक आयोजनों में आधुनिक तकनीक आधारित नवाचारों का इस्तेमाल करने के साथ ही भविष्य के लिए एक प्रभावी रणनीति तैयार की जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। राज्यपाल ने हाल ही में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के उत्तराखण्ड भ्रमण, चारधाम यात्रा के पहले चरण और कैंची धाम मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए उत्तराखण्ड पुलिस के सभी कार्मिकों को बधाई दी। साथ ही उनके द्वारा सुरक्षा, यातायात प्रबंधन औरं भीड़ नियंत्रण में किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे जत्थे के आज पिथौरागढ़ पहुंचने पर कुमाऊं मंडल विकास निगम और जिला प्रशासन ने तीर्थयात्रियों का फूल–मालाओं से स्वागत किया। जत्थे में 14 महिलाओं सहित 48 यात्री शामिल हैं। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि तीर्थयात्री आज धारचूला में रात्रि विश्राम करने के बाद कल गूंजी के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए उचित प्रबंध किए हैं।

लाइजनिंग अधिकारी के.डी देवल ने बताया कि कैलाश मानसरोवर जाने को लेकर सभी यात्री काफी उत्साहित है।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। पर्वतीय जिलों में भूस्खलन और मलबा आने से बाधित मार्गों को युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिथौरागढ़ जिले में धारचूला की दारमा घाटी स्थित तीजम क्षेत्र में कल रात अतिवृष्टि के कारण थाड़ी गाड़ में बना मोटर पुल सहित क्षेत्र का एक पैदल पुल बहने से ग्रामीणो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि धारचूला के प्रभावित क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में ध्वस्त पुल के साथ ही रास्तों को भी जल्द ठीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उधर, चमोली जिले में अतिवृष्टि से नंदानगर विकासखंड में सेरा–मोख मल्ला के प्रभावित 13 परिवारों को जिला प्रशासन ने राहत राशि और सामग्री वितरित की। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। साथ ही राजस्व विभाग की टीम, ग्रामीणों की क्षति का आकलन कर रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है।

कलस्टर विद्यालय

प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्यालय कलस्टर योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत दूरस्थ एवं छोटे विद्यालयों को एकीकृत कर संसाधनों के समुचित उपयोग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। पौड़ी जिले में पूर्व चयनित 79 कलस्टर विद्यालयों की समीक्षा के बाद 54 विद्यालयों को कलस्टर रूप में संचालित करने पर सहमति बनी है। मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र बर्त्वाल ने बताया कि पहले चरण में 16 कलस्टर विद्यालयों के संचालन की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कलस्टर के केन्द्रीय विद्यालय में छात्र–छात्राओं को स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, बेहतरीन प्रयोगशाला और प्रत्येक कक्षा को शिक्षक मिलेंगे।